प्रादेशिक समाचार

13.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री ने जारी की किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त, झारखंड सहित देशभर के 9 करोड़ से अधिक किसानों को ट्रांसफर किए 18 हजार 640 करोड़ रुपये।

2. विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के बाहर और भीतर जमकर हंगामा, महंगाई पर सत्ता पक्ष तो भ्रष्टाचार पर विपक्ष ने खोला मोर्चा।

3. पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा–देश में गैस और पेट्रोल की कोई कमी नहीं, उपभोक्ताओं से पैनिक बुकिंग से बचने की अपील।

4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 12 नए थानों का किया शिलान्यास, पुलिस बेड़े को मिले 1 हजार 485 नए वाहन, सुरक्षा व्यवस्था को मिली नई रफ्तार।

5. धनबाद में अमृत भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत, सांसद ढुल्लू महतो ने दिखाई हरी झंडी, रांची–बोकारो होते हुए दक्षिण भारत जाएगी नई साप्ताहिक ट्रेन।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम के गुवाहाटी से पीएम–किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी कर दी है। इसके तहत देश के 9 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई है। झारखंड सहित देशभर के पात्र किसानों को प्रति परिवार 2,000 रुपये की सम्मान निधि प्राप्त हुई है। मौके पर श्री मोदी ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है।

****

विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन आज सदन के बाहर और भीतर जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष के विधायकों ने रसोई गैस और ईंधन की बढ़ती कीमतों के खिलाफ पोस्टर लेकर केंद्र सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय ने आरोप लगाया कि महंगाई और रसोई गैस संकट से लोग त्रस्त हैं।

साउंड बाइट – दीपिका पांडेय ऑन एलपीजी – 23 सेकेंड

इधर, भाजपा विधायकों ने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जोरदार नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विधायकों ने लंबित छात्रवृत्ति, भ्रष्टाचार और रामनवमी पर डीजे पाबंदी जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार लोगों को गुमराह कर रही है।

****

देश में पेट्रोल और गैस संकट की अफवाहों के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया है कि देश में एलपीजी और ईंधन का पर्याप्त भंडार है। उन्होंने उपभोक्ताओं से एलपीजी के बजाय पीएनजी अपनाने और पैनिक बुकिंग से बचने की अपील की है।

****

विधानसभा का बजट सत्र अब 19 के बजाय 18 मार्च को ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। ईद की संभावना के मद्देनजर कार्य मंत्रणा समिति ने यह निर्णय लिया है। यह भी निर्णय लिया गया है कि कल सदन की कार्यवाही सुबह 10 बजे से ही शुरू होगी, जिसमें विधायकों के लंबित ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर सरकार अपना जवाब देगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची में राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देते हुए 12 अत्याधुनिक नए थानों का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस बल को प्रथम चरण के तहत 636 पेट्रोलिंग वाहन और 849 दो पहिया वाहन सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अपराध नियंत्रण और गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज रांची में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत मतदाताओं की सूची को समय पर डिजिटलाइज करें।

****

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, एनएचआरसी ने पश्चिम सिंहभूम के चक्रधरपुर उपमंडल अस्पताल में एम्बुलेंस न मिलने के कारण नवजात के शव को गत्ते के बक्से में ले जाने की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने स्वास्थ्य सचिव और उपायुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

****

राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान राज्य के विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण सुधारने, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

****

देवघर में आज भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला भू–अर्जन कार्यालय के दो कर्मियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी रिंग रोड परियोजना के मुआवजे की राशि जारी करने के बदले 5 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे थे। एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर दोनों को रिश्वत लेते दबोचा और आगे की पूछताछ के लिए उन्हें दुमका ले गई है।

****

धनबाद स्टेशन पर आज दक्षिण भारत को जोड़ने वाली पोत्तनूर–धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत किया गया। सांसद ढुल्लू महतो ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह साप्ताहिक ट्रेन रांची और बोकारो होते हुए चलेगी। मौके पर सांसद श्री महतो ने कहा कि इस ट्रेन के शुरु होने से विशेषकर टेक्सटाइल हब में काम करने वाले झारखंड के प्रवासी मजदूरों को सीधी और सस्ती रेल सेवा का लाभ मिलेगा।

****

देशभर में आयोजित जल महोत्सव 2026 में जल जीवन मिशन के योद्धाओं को सम्मानित किया जा रहा है। इस अभियान में झारखंड की पंचायतों ने शत–प्रतिशत नल–जल कनेक्शन पहुंचाकर एक नई मिसाल पेश की है। विशेष रूप से, झारखंड की कंचनपुर ग्राम पंचायत की मुखिया पिंकी राणा के नेतृत्व में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कंचनपुर, हेथलाग और गोविंदपुर के लगभग 1400 घरों तक पाइप द्वारा शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा चुका है। इस सफलता के लिए कंचनपुर को श्हर घर जल पंचायत की मान्यता दी गई है।

****

राज्य में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने 15 मार्च से राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश और गर्जन की संभावना जताई है। रांची सहित 20 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात की भी आशंका है।

********समाप्त*********